Regarding need to make permanent the services of contractual employees appointed under National Tuberculosis Elimination Programme in Uttar Pradesh-Laid

श्री उज्ज्वल रमण सिंह (इलाहाबाद) : मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन की और आकृष्ट करना चाहता हूँ । वर्ष 2025 के अंत तक सरकार भारत को क्षय रोग मुक्त घोषित करने जा रही है । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफलता तक पहुंचाने के लिए तन-मन से समर्पित विगत 15-20 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हजारों संविदा कर्मियों की समस्याओं और उनके भविष्य के प्रति उनकी आशंकाओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । संविदा कर्मियों का भविष्य अधकारमय नजर आ रहा है । इसके कारण ये मानसिक रूप से पीड़ित एवं व्यथित है, भविष्य के प्रति अनिश्चितता के कारण इनकी कार्य क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । क्षय रोग मुक्त भारत की घोषणा के पश्चात भी इनकी सेवाएं निरंतर जारी रहेगी या समाप्त कर दी जायेगी या उनकी सेवाओं में गुणात्मक परिवर्तन किया जायेगा या अन्य किसी स्थान पर समायोजित किया जायेगा । क्या 15-20 वर्षा तक लगातार चलने वाला कार्य अस्थायी प्रकृति का होता है ।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि देश में विशेष रूप से उतर प्रदेश में संविदा पर कार्यरत हजारो संविदा कर्मियों की समस्याओं और उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन्हें स्थायी नियुक्ति प्रदान करें ।